पत्र संख्या–स0नि0–राज्य कर परिसम्पत्तियां–वि0भू0 /2022–23/ 188 /राज्य कर

कार्यालय–आयुक्त राज्य कर उ0 प्र0, लखनऊ।
(सम्पत्ति–अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 16 जून, 2022

समस्त जोनल अपर आयुक्त,
राज्य कर उ0 प्र0।

विषय– प्रमुख सचिव राज्य कर उ0 प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 21.05.2022 को जोन के अधिकारियों के साथ आहूत बैठक के कार्यवृत्त संख्या–84 दिनांक 23.05.2022 के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया प्रमुख सचिव राज्य कर उ0 प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 21.05.2022 को जोन के अधिकारियों के साथ आहूत बैठक के कार्यवृत्त संख्या–84 दिनांक 23.05.2022 के बिन्दु संख्या–4 में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित विभागीय सम्पत्तियों की सूची प्रेषित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि विभाग की किसी भी सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति द्वारा अवैध अतिक्रमण नहीं किया गया है और यदि किसी सम्पत्ति पर अतिक्रमण हुआ है तो उसे जिला प्रशासन के सहयोग से तत्काल अवमुक्त कराया जाये विभागीय भवनों में स्थापित अग्निशमन यंत्रों के क्रियाशीलता की मॉकड्रील कराना सुनिश्चित किया जाये। प्रत्येक विभागीय कार्यालय में महिला शौचालय एवं दिव्यांगजनों के लिए रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, के निर्देश दिये गये हैं।

आपके अधीनस्थ विभागीय कार्यालय भवनों में अभी तक किसी भी जनपद से अग्निशमन यंत्रों की क्रियाशीलता की मॉर्कड्रील कराये जाने का प्रमाण पत्र मुख्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है और न ही विभागीय परिसम्पत्तियों की अवैध कब्जामुक्त का प्रमाणपत्र भी उपलब्ध नहीं कराया गया है जबकि मुख्यालय द्वारा पूर्व में ही निर्देश दिये गये हैं।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ जनपदों में विभागीय कार्यालय भवनों में उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(सुधा वर्मा)
अपर आयुक्त राज्य कर,
प्रभार– अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उ0 प्र0, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

1– संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय साइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
2– सयुक्त आयुक्त (स्थापना अराज0/प्रभारी नजारत) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।

16/06/2022
अपर आयुक्त राज्य कर,
प्रभार– अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उ0 प्र0, लखनऊ।